धमतरी पत्रिका

dhamtari patrika

धमतरी, सोमवार 17 जुलाई 2017

MONDAY

28°C @12.00pm | 25°C @09.00pm

सूर्यास्त आज शाम 06:20 बजे

सूर्योदय कल सुबह 06:10 बजे

नगरी-सिहावा . कुरूद . मगरलोड . भखारा . पुरूर . आमदी . सिर्री . करेली बड़ी. भेंड्री. जीजामगांव

public Governance

ब्रांड एम्बेसडर कुंवरदाई के घर में बने शौचालय में भी गोलमाल खोलने के लिए कांग्रेस .....

पत्रिका www.patrika.com

हमारे वेब पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें patrika.com/city/dhamtari/

छोटी... बड़ी खबरें

साहू समाज की बैठक आज

धमतरी @ पत्रिका . बांसपारा स्थित छात्रावास भवन में 17 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिलाध्यक्ष दयाराम साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया है। समाज के महासचिव केजूराम साहू ने बताया कि बैठक में साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष विपिन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सामाजिक बहिष्कार प्रतिषेध विधेयक-2016 के संबंध में चर्चा करने के बाद एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

आत्मलिंग अभिषेक ध्यान आज

धमतरी @ पत्रिका . सावन माह के अवसर पर शिवयोग परिवार द्वारा 17 जुलाई को शाम 6.45 बजे विवेकानंद नगर स्थित फोरम में निःशुल्क आत्मलिंग अभिषेक ध्यान का आयोजन किया गया है। संस्था के सदस्यों ने धर्मप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

वार्षिक सम्मेलन

धमतरी @ पत्रिका राजमानस संघ के तत्वावधान में गोकुलपुर स्थित सत्संग भवन में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सालभर की गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा तुलसी जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए भी रणनीति बनाई गई। बैठक में पुरानिक साहू, सियाराम साहू, खूबलाल साहू, खिलेश्वरी किरण, डोमारसिंह दादरा, अर्जुनपुरी गोस्वामी, डॉ जेएल देवांगन, दानीराम साहू, बलराम साहू, चंपालाल साहू, निर्मल साहू, प्यारेलाल साहू, महेन्द्र, लोकेश्वर सिन्हा, भगवती समेत संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

पलारी @ पत्रिका ग्राम सांगली में पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। झमाझम युवा ग्रुप के सदस्य नारायणदास साहेब ने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से यहां मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

शुभम का चयन आईआईएमसी में

करेली बड़ी. गैलेक्सी सिनियर सेकेंडरी मगरलोड के छात्र एवं ग्राम आमाचानी निवासी शुभसिंह ठाकुर का चयन मास कम्यूनिकेशन (आईआईएमसी) दिल्ली के लिए हुआ है। शिक्षकों का कहना है कि शुभसिंह पढ़ाई में काफी तेज हैं।

चंदन का नवोदय में चयन, खुशी

करेली बडी. कलीराम चंदाकर पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र चंदन सिंह कंवर का चयन जवाहर नवोदय विद्यलाय के लिए हुआ है। शिक्षकों का कहना है कि उनके चयन से स्कूल का नाम रोशन हुआ है।

प्रतिभाशाली कलाकार अमीर हाशमी की है डॉक्यूमेंटरी फिल्म

गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिसर्व को यू-ट्यूब पर अच्छा रिस्पॉस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. शहर के युवा और प्रतिभाशाली कलाकार अमीर हाशमी द्वारा निर्मित ट्रेवल डॉक्यूमेंटरी गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिसर्व इन दिनों यू-ट्यूब में प्रकृति प्रेमियों को काफी रोमांचित कर रही है। बताया गया है कि यह वीडियो वायरल होने के बाद अब तक इसे 13 हजार से अधिक लोगों ने देख लिया है। यू-ट्यूब एनालिस्टिक रिपोर्ट के अनुसार भारत के साथ-साथ स्विट्जरलैंड, अमेरिका तथा ब्रिटेन जैसे देशों के लोगों ने इस फिल्म को देखा है।

लगभग 3 महीनों में अलग.अलग समय पर शूटिंग व एडिट करके बनी इस ट्रेवल

डॉक्यूमेंट्री फिल्म की सिनमेटोग्राफी व डॉयरेक्शन अमीर हाशमी ने किया है। यह एक साइलेंट फिल्म है, जिसमें शांत-चित्त घूमते हुये उन्होंने गंगरेल की सुंदरता को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया है। उल्लेखनीय है कि हाशमी एक फिल्ममेकर होने के साथ-साथ पर्यटन में भी लंबा अनुभव रखते है। उनका कहना है कि दुनियां भर के पर्यटकों का

भारत के बांधों को लेकर विशेष आकर्षण रहता है। चाहे केरल का चेरुथोनी बांध हो या मध्य प्रदेश का इंदिरा सागर बांध। कर्नाटक के कृष्णराजस्मार बांध से लेकर तमिलनाडु के मेट्टूर बांध व राजस्थान के बिस्लपुर बांध में पर्यटकों की रूचि है। गंगरेल बांध भी उसी तरह एक बेहद खूबसूरत और आकर्षक बांध है, जहां पर्यटन की असीम सम्भावनाएं है। हाशमी ने बताया कि आने वाले दिनों में वह इस ट्रेवल डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रमोशन स्कूल और कॉलेज जाकर करेंगे और ख़ासकर युवाओं से छत्तीसगढ़ माटी के पुत्र होने के नाते अपील करेंगे कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के इस महान धरोहर महानदी और गंगरेल को यू-ट्यूब पर जरूर देखें तथा शेयर करें।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अमीर हाशमी कुशाभाऊ ठाकरे जनसंचार तथा पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर से मॉस कॉम्युनिकेशन में मास्टर्स कर रहे है। वह अपनी इन सफलताओं का श्रेय कुलपति डॉ एमएस परमार तथा प्रोफेसर शहीद अली को देते है।

मीडिया में भविष्य

हाशमी ने बताया कि आने वाला समय मीडिया का ही है। वह युग चला गया है, जब अशिक्षित और बेरोजगार लोग भी पत्रकारिता किया करते थे। मगर आज पत्रकारिता किसी डॉक्टर या इंजीनियरिंग की डिग्री से कम नहीं है। हर रोज खुलते जा रहे नए-नए चैनलों में क्रिएटिव लोगों की अत्यधिक जरूरत है, जिसके लिए मॉस कॉम्युनिकेशन में भविष्य बहुत सुरक्षित है।

मिला राष्ट्रीय सम्मान

अमीर हाशमी के नाम के चर्चे अब सब तरफ होने लगे हैं। पिछले दिनों उन्हें स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित शॉर्ट फिल्म मिरिर ऑफ -दि-क्लीन-इंडिया के लिए नेशनल फिल्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है।

टीबी से अब रुकेगी मौत ?

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने दिया जा रहा पोषक आहार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. टीबी से पीड़ित मरीजों की अब मौत नहीं होगी। डॉटस के अलावा शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें मूंगफली और दूध भी दिया जा रहा है। इस व्यवस्था से मरीजों ने अब राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार टीबी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। रोजाना जिला अस्पताल में उपचार कराने भी पहुंच रहे हैं। सन् 2015 में 409 मरीज मिले थे। 2016 में यह संख्या बढ़कर 942 हो गई, जिसमें समय पर उपचार नहीं मिलने और खान-पान में लापरवाही बरतने के कारण 22 लोगों की मौत हो गई। इस साल अब तक 414 टीबी के मरीज सामने आ चुके हैं। इन्हें जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉटस दवा भी दी जा रही है। इसके बाद भी अधिकांश मरीजों की सेहत में सुधार नहीं आ पा रही थी। उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पहले से कम हो गई थी, लेकिन अब स्वास्थ्य विभाग से जरूरी आहार दिए जाने से उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार आने लगा है।

सामग्री एक नजर में

जिला परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सीपी ठाकुर ने बताया कि टीबी मरीजों को हर महीने 1 किलो सोयाबीन तेल, 1.50 किलो मुंगफली और 1 किलो दूध पाऊडर दिया जा रहा है। 9 सौ रुपए का यह कीट मरीजों को 6 महीने तक दिया

वनांचल में खुलेगी दो एजेंसी

रिफलिंग की मुसीबत से मिलेगा छुटकारा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. वनांचल के घरेलू गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को अब रिफलिंग कराने के लिए परेशानी नहीं होगी। बोरई एवं गट्टासिल्ली में जल्द दो नई गैस एजेंसी खुलेगी, जिससे जिले में अब गैस एजेंसियों की संख्या 13 हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में पहले 40 हजार गैस उपभोक्ता थे। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 50 हजार हितग्राहियों को गैस कनेक्शन दिया गया है, जिससे अब उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर करीब 92 हजार हो गई है। गैस एजेंसियों की संख्या नहीं बढ़ने से लोगों को सिलेंडर रिफलिंग कराने में भारी परेशानी हो रही है। वनांचल के गांवों में एजेंसियों की दूरी अधिक और समय पर वाहन नहीं पहुंचने से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अधिकांश हितग्राहियों ने तो सिलेंडर रिफरिंग कराना ही बंद कर दिए हैं। अब फिर से महिलाओं को लकड़ी के चूल्हा में खाना बनाना पड़ रहा है। पत्रिका ने इस मुद्दे को लगातार उठाया, जिसे संज्ञान में लेते हुए खाद्य विभाग ने नए गैस एजेंसी खोलने की मांग की थी। अब यह मांग पूरी हो गई है। बोरई एवं गट्टासिल्ली में आदिम जाति सहकारी समिति के माध्यम से गैस सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। गैस एजेंसी खुलने से वनांचल के लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

> वनांचल के हितग्राहियों को अब गैस सिलेंडर रिफरिंग कराने में दिक्कत नहीं होगी। बोरई और गट्टासिल्ली में गैस रिफलिंग कराने की सुविधा मिलेगी
> **अरविंद दुबे,** सहायक खाद्य अधिकारी

जिला प्रशासन उदासीन

सरकारी दफ्तरों में रैम्प नहीं, दिव्यांगों की बढ़ी परेशानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. जिले में शासकीय भवनों के निर्माण के दौरान दिव्यांगों और बुजुर्गों के सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। दो मंजिला कलक्ट्रेट, कम्पोजिट समेत अन्य भवनों में उनके लिए रैम्प बनाया गया है और न ही लिफ्ट की सुविधा है। ऐसे में सिढियों में चढ़ते और उतरते समय भारी परेशानी होती है।

जिले में 12 हजार से अधिक दिव्यांग है। इसके अलावा करीब 20 हजार पेंशनधारी हैं, जिनका रोजाना विभिन्न कार्यों को लेकर कलक्ट्रेट, कम्पोजिट बिल्डिंग, जिला पंचायत, जनपद पंचायत समेत अन्य शासकीय कार्यालयों में आना-जाना लगा रहता है। इसके बाद भी इन भवनों में उनकी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रथम मंजिला भवन निर्माण के दौरान दिव्यांगों के लिए रैम्प बनाना अनिवार्य है, लेकिन यहां कलक्ट्रेट में भी इसकी अनदेखी की गई है। और तो और दो साल पहले करोड़ों रुपए की लागत से बनी तीन मंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग में भी रैम्प नहीं होने से रोजाना मानवता शर्मसार होती है। दिव्यांग और बुजुर्गों को सिढ़ियों से घिसटते हुए चढ़ना और उतरना पड़ता है।

प्रथम तल में अधिकांश कार्यालय

कलक्ट्रेट के प्रथम तल में कृषि विभाग, श्रम विभाग, आदिम जाति, व्यापार उद्योग केन्द्र, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कम्पोजिट बिल्डिंग के द्वितीय तल में शिक्षा विभाग, जिला रोजगार केन्द्र समेत अन्य विभाग हैं। दिव्यांग मनोज कुमार सिन्हा का कहना है कि कम्पोजिट बिल्डिंग के द्वितीय तल में पहुंचने से पहले अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है।

सिन्हा समाज मिला एएसपी से

तिहरे हत्याकांड को लेकर आक्रोश

0 हमलावरों के खिलाफ ईनाम की घोषणा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. तिहरे हत्याकांड को लेकर पुलिस को अभी तक कोई भी ऐसा महत्वपूर्ण सुराग हाथ में नहीं लगा है, जिसके सहारे वह हमलावरों तक पहुंच सके। शायद यही कारण है कि एसपी ने अब इस घटना में लिप्त तत्वों के बारे में युक्तियुक्त सूचना देने या गिरफ्तार कराने पर 10 हजार रूपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

गौरतलब है कि पिछले 12 जुलाई को धमतरी शहर से लगे ग्राम तेलीनसत्ती में महेंद्र सिन्हा, उषा सिन्हा और उसके पुत्र त्रिलोक कुमार की नृशंसता पूर्वक हत्या कर दी गई थी। एसपी मनीष शर्मा समेत पुलिस के अन्य अधिकारी भी लगातार जांच पड़ताल कर रहे हैं। इसके बावजूद भी अभी तक

हमलावरों के बारे में कोई पता नहीं चला है। पुलिस को पूर्व में संदेह था कि यह कोई जमीन संबंधित मामला होगा। पारिवारिक रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। शायद यही कारण है कि मृतक के भाई समेत कुछ रिश्तेदारों को लेकर पूछताछ की गई थी, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अब पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। एसपी मनीष शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस रेग्युलेशन में निहित प्रावधान के तहत हमलावरों के बारे में सूचना देने वाले को 10 हजार नगद राशि ईनाम स्वरूप दी जाएगी।

दिया आश्वासन

उधर सिन्हा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने एएसपी केपी चंदेल से मुलाकात कर बताया कि महेन्द्र सिन्हा और उनके परिवार के सदस्यों की नृशंस हत्या से समाज में आक्रोश है। जल्द से जल्द उनके हमलावरों को गिरफ्तार किया जाए। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया है कि पुलिस सक्रियता के साथ जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। प्रतिनिध मंडल में कालीदास सिन्हा, प्रेम मगेन्द्र, श्यामसुंदर सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, प्रकाश सिन्हा, डोमार सिन्हा मौजूद थे।

सेंचुरी गार्डन की सफाई

धमतरी. स्वच्छता जागरूकता ग्रुप ने रमसगरी तालाब के सेंचुरी गार्डन में सफाई अभियान चलाया। यहां आसपास फैली गंदगी को हटाकर साफ-सुथरा किया गया। इस अभियान में युवा विजय वर्मा, लोकेश साहू, भागेश्वर लोधी, विनय लोधी, खिलेन्द्र देवांगन, गितेश लोधी, जनार्दन साहू, दुष्यंत लोधी, लोकेश्वर सिन्हा, किशन हिरवानी,

योगेश साहू, इंद्र कुमार, राहुल ठाकुर, उमेश साहू, मिलिंद, शुभम, रॉकी आदि उपस्थित थे।

निगमकर्मियों में वेतन को लेकर पनप रहा आक्रोश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. वेतन नहीं मिलने से निगम कर्मचारियों में आक्रोश पनप रहा है। उनका कहना है कि कई बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। आर्थिक तंगी के चलते वे अपने बच्चों की स्कूल की फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने सात दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावानी दी है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम में समय पर वेतन नहीं दिए जाने का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। निगम कर्मियों ने बताया कि जून महीने का वेतन अब तक नहीं मिला हैं, जबकि जुलाई का पहला पखवाड़ा भी बीत गया। ऐसे में निगम के सभी 279 कर्मचारियों को आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। वेतन और 7 प्रतिशत एरियर्स की मांग को लेकर निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, सचिव कामता चौबे, हरिकिशन पावरिया ने कहा है कि निगम में कभी भी समय पर वेतन जारी नहीं किया जाता, जबकि इसके लिए सभी सेक्शन से समय पर वेतन स्लीप बनाकर भेज दिया जाता है। उन्होंने बताया कि निगम कर्मचारियों का वेतन महीने में 80 लाख रुपए का होता है। इसके अलावा साढ़े 3 लाख रुपए महापौर, पार्षद, एल्डरमेन का मानदेय होता है। यदि सात दिनों के भीतर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी संघ आंदोलन करेगा।

सीधे खाते से होगा लेन-देन

राशन लेने के लिए नकद पैसों की नहीं है जरूरत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. जिले में कोर पीडीएस योजना को अपडेट कर दिया गया है। नगद राशि नहीं होने के बाद भी उपभोक्ता आसानी से राशन प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उनका आधार नंबर बैंक खाते में लिंक हो तथा एकाउंट में पर्याप्त राशि हो।

उल्लेखनीय है कि जिले की सभी 392 राशन दुकानें हाइटेक हो गई है। यहां के 1 लाख 66 हजार 602 उपभोक्ता किसी भी मनचाहे दुकान से चावल, शक्कर, केरोसिन, नमक खरीद सकते हैं। कैसलेश सिस्टम लागू होने से अब तो नगद राशि ले जाने की जरूरत भी नहीं है। इस तरह की खरीदी भी दुकानों में शुरू हो गई है। जून महीने में 17 सौ उपभोक्ताओं ने इस सिस्टम से खरीदी की है। खाद्य विभाग के अनुसार राशन दुकानों को अपग्रेड कर दिया गया है। सभी सेल्समेन को टेबलेट उपब्ध कराया गया है। टेबलेट में एक एप डाऊनलोड किया गया है। उपभोक्ता के पास नगद राशि नहीं है और उनका आधार नंबर, बैंक एकाउंट से लिंक है, तो उसे राशन दुकान से मायूस होकर लौटने की जरूरत नहीं है। उन्हें आसानी से राशन मिल जाएगा। उधर मशीन में अंगूठा लगाने के बाद उसके बैंक एकाउंट से यह राशि काट ली जाएगी। योजना के लाभ के लिए जरूरी है कि उसके बैंक एकाउंट में राशि हो।

वनांचल क्षेत्र बना चुनौती

सूत्रों की माने तो वनांचल के राशन दुकानों में कैसलेश सिस्टम लागू करना अधिकारियों के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। यहां के 60 से 70 दुकानों में नेट की समस्या है। ऐसे में रिसगांव, दुगली, जबर्रा समेत अन्य गांवों के ग्राहकों को कैसलेश सिस्टम का लाभ नहीं मिल रहा है। और न ही मेरी योजना से वे लाभान्वित हो पा रहे हैं। अभी भी मेनुअल राशन खरीदते हैं।

> कैसलेश सिस्टम के तहत राशन खरीदी करने के लिए ग्राहकों को नगद राशि लेकर राशन दुकान जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शहरी क्षेत्र के ग्राहक इसका लाभ ज्यादा उठा रहे हैं।
> **अरविंद दुबे,** सहायक खाद्य अधिकारी

आज निकलेगी भव्य कांवर यात्रा

धमतरी. बोलबम कांवरिया संघ के तत्वावधान में 17 जुलाई को अलसुबह 5 बजे रूद्रेश्वर घाट जाने वाले कांवर यात्रियों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। समिति के कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि सुबह रूद्रेश्वर घाट में स्नान के बाद रूद्रेश्वर महादेव का दर्शन करेंगे। सुबह 7 बजे गंगा महाआरती के बाद कांवरिए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेंगे। यहां मत्था टेकने के बाद बाजे-गांजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति द्वारा बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। दोपहर 2.30 बजे से कथावाचक पंडित हरिदास वैष्णव श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

स्पर्श ग्रुप का कार्यक्रम

नंगे पैरों में पहनाई गई चप्पल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. स्पर्श ग्रुप द्वारा 39वां कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न मार्गों में नंगे पांव घुम रहे बच्चों को करीब 55 जोड़ी चरणपादुका वितरण किया गया। संस्था के डॉ राकेश सोनी ने बताया कि चरणपादुका अभियान के चलते सदस्यों ने जिला अस्पताल, अम्बेडकर चौक, बम्बेलेश्वरी मंदिर, सिटी पार्क, दशहरा मैदान, जालमपुर, रूद्री रोड से घुमते हुए नंगे पांव घुम रहे जरूरत मंद बच्चों को चरण पादुका का वितरण किया गया।